# वार्षिक प्रतिवेदन 2019 –2020

## विभाग – समाज कार्य (M.S.W.)

सन् 1958 से इस महाविद्यालय का प्रारंभ हुआ जो धीरे–धीरे जिले का सबसे बड़ा महाविद्यालय बन गया है। 2013 मे महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी 07 नये पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये। इनमें से एक स्नातकोत्तर स्तर में समाजकार्य पाठ्यक्रम है। जुलाई 2013 से यह विभाग संचालित है।

वर्तमान में इस विषय कें चतुर्थ सेमेस्टर 21 में एवं द्वितीय सेमेस्टर में 22 विद्यार्थी अध्ययनरत् है।

1. कार्यरत् सहायक प्राध्यापक –

    1. प्रो. विजय मानिकपुरी – **MSW, Bed, Med, M.A. (Hindi &Sanskrit), P.G.D.C.A. , Ph.D (Running)**
    2. प्रो. हरिश चन्द्राकर – **MSW, M.A.(Sociology), P.G.D.C.A., Ph.D (Running)**

2. परिषद गठन –

    अध्यक्ष – रजनी साहू
    उपाध्यक्ष – हरिश मारकंडे
    सचिव – नीलिमा वैष्णव
    सहसचिव – डिलेश्वर साहू

3. परीक्षा परिणाम –

    1. एम.एस.डब्ल्यू, प्रथम सेमेस्टर – 95 %
    2. एम.एस.डब्ल्यू, तृतीय सेमेस्टर – 96 %

## 4. जन–जागरूकता कार्यक्रम –

### // वृक्षारोपण //

स्थान – टेड़ेसरा

दिनांक – 28/08/2019

दिन – बुधवार।

**परिचय :–**

समाजकार्य विभाग के द्वारा दिनांक 28/08/ 2019 दिन बुधवार को राजनांदगांव जिले के ग्राम–टेड़ेसरा में पर्यावरण के प्रति वृक्षारोपण जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बेनर, पोस्टर, स्लोगन के साथ स्कूली बच्चे, शिक्षकगण, महिला समूह एवं समाजकार्य के विद्यार्थियों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम में मंचीय कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश देतें हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

इस अभियान में अतिथिगण, ग्राम के निवासी, स्कूली बच्चे, शिक्षकगण एवं समाजकार्य के विद्याथियों ने टीम बनाकर वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम को सफलपूर्वक सम्पन्न किया।

**उद्येश्य :–**

राजनांदगांव जिले के ग्राम–टेड़ेसरा में व्याप्त प्रदूषण को वृक्षारोपण के माध्यम से दूर करना एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना।

**कार्य विवरण :–**

ग्राम–टेड़ेसरा मे वृक्षारोपण जागरूकता अभियान सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजें कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसका कार्य विवरण निम्नानुसार है–

**1. रैली प्रारंभ :–**

- कार्यक्रम का प्रारंभ जागरूकता रैली के साथ किया गया। स्कूली बच्चे, शिक्षकगण, महिला समूह, ग्राम के निवासी एवं समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा बैनर, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से ग्राम के गली–मोहल्ले मे यह रैली निकाला गया।
- इस रैली मे स्लोगन –

  वृक्ष लगाव , देश बचाओ।

  वृक्ष लगाव , ग्राम बचाओ।

  के साथ यह रैली सम्पन्न किया गया।




ग्राम–टेड़ेसरा में वृक्षारोपण जन–जागरूकता रैली

2. अतिथि स्वागत :–

- जागरूकता रैली के पश्चात् कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।
- कार्यक्रम उपस्थित अतिथिगण निम्न है–

**मुख्य अतिथि – डॉ. ओंमकार लाल श्रीवास्तव**
**(गणित विभागाध्यक्ष कमला महाविद्यालय राजनांदगांव )**
**विशेष अतिथि – दीपक सिंह ठाकुर**
**(प्राचार्य शा. उच्च. मा. वि. टेड़ेसरा)**
**विशेष अतिथि – खिलेश्वर साहू**
**(सरपंच ग्राम पंयाचत टेड़ेसरा)**
**विशेष अतिथि – प्रो. विजय मानिकपुरी**
**(समाजकार्य विभाग, शा. दि. महाविद्या. राजनांदगांव)**
**विशेष अतिथि – प्रो. हरिश चन्द्राकर**
**(समाजकार्य विभाग, शा. दि. महाविद्या. राजनांदगांव )**

3. उदबोधन/ अतिथि व्याख्यान :–

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओंमकार लाल श्रीवास्तव ने लोगो को अनेक औषधि युक्त पौधे एवं उनके फायदे के बारे मे बताते हूए लोगो को अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए आग्रह किया और कार्यक्रम की प्रशंसा भी किये।

ग्राम के सरपंच ने पेड़ो की अत्यधिक कटाई तथा उसके दुष्प्रभाव को बताते हूए, ग्राम मे व्याप्त प्रदूषण को रोकने का आग्रह किया एवं ग्राम वासियो को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए निवेदन किये।

समाजकार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी ने दक्षिण अमेरिका के अमेजन के वनों मे लगी आग से पर्यावरण मे हूए प्रदूषण की जानकारी दिते हूए कहा कि हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संन्तुलन बना रहे।

**4. वृक्षारोपण कार्यः—**

समस्त अतिथिगण, स्कूली बच्चे, शिक्षणगण, महिला समूह, ग्राम कि निवासी एवं समाजकार्य कि विद्यार्थियों ने टीम बनाकर वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न कियें। इस प्रकार ग्राम—टेड़ेसरा मे कुल 50 पौधों का रोपण किया गया।



अतिथिगण एवं स्कूली बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण करते हुए

---

**स्थान** – भर्रेगांव।

**दिनांक** – 29/08/2019

**दिन** – गुरूवार ।

**परिचय :—**

समाजकार्य विभाग के द्वारा दिनांक 29/08/2019 दिन गुरूवार को राजनांदगांव जिले के ग्राम—भर्रेगांव में पर्यावरण के प्रति वृक्षारोपण जन—जागरूकता अभियान का आयोजन किया

**उद्येश्य :–**


ग्राम–मुसरा में व्याप्त प्रदूषण को वृक्षारोपण के माध्यम से दूर, ग्राम वासियों को दैनिक जीवन में पेड़ के उपयोगिताओं को समझाना एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना।

**कार्यविवरण :–**

**1. रैली प्रारंभ :–**

स्लोगन –

वृक्ष लगाव , धरती बचाओ।
वृक्ष लगाव , खुशहाली लाओ।



ग्राम–मुसरा में स्कूली बच्चों के साथ निकली जन–जागरूकता रैली।

**2. अतिथि स्वागत :–**

मुख्य अतिथि – श्री मधुसूदन यादव
(पूर्व महापौर नगर निगम राजनांदगांव )

विशेष अतिथि – श्री कमल निर्मलकर
(सरपंच ग्राम पंयाचत मुसरा )

विशेष अतिथि – श्री उमाशंकर देशमुख
(प्राचार्य शा. उच्च. मा. वि. मुसरा )

विशेष अतिथि – प्रो. विजय मानिकपुरी
(समाजकार्य विभाग, शा. दि. महाविद्या. राजनांदगांव )

विशेष अतिथि – प्रो. हरिश चन्द्राकर
(समाजकार्य विभाग, शा. दि. महाविद्या. राजनांदगांव )

4. वृक्षारोपण कार्यः—

समस्त अतिथिगण, स्कूली बच्चे, शिक्षणगण, महिला समूह, ग्राम कि निवासी एवं समाजकार्य कि विद्यार्थियों ने टीम बनाकर वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न कियें। इस प्रकार ग्राम—मुसरा मे कुल 60 पौधों का रोपण किया गया।



---

**स्थान — पारीखुर्द**

**दिनांक — 11/09/2019**

**दिन — बुधवार ।**

**परिचय :—**

समाजकार्य विभाग के द्वारा दिनांक 11/09/ 2019 दिन बुधवार को राजनांदगांव जिले के ग्राम—पारीखुर्द में पर्यावरण के प्रति वृक्षारोपण जन—जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

**उद्येश्य :—**

ग्राम—पारीखुर्द कें ग्राम वासियों को पेड़ों की कटाई के दुषपरिणाम तथा दैनिक जीवन में पेड़ के उपयोगिताओं को समझाना एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना।

# // राष्ट्रीय पोषण माह //

स्थान – बलदेव प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक – 16/09/2019
दिन – सोमवार
समय – सुबह 11:00 से 4:00 बजे तक ।

**परिचय :–**

राष्ट्रीय पोषण माह जो कि पुरे देश मे एक जागरूकता अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव के द्वारा 16 सितम्बर को बलदेव प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम मे एक दिवसीय राष्ट्रीय पोषण माह जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजकार्य विभाग द्वारा पूर्ण सहभागिता प्रदान किया गया। यह अभियान राजनांदगांव जिले के विभिन्न चौक–चौराहों के साथ–साथ, ग्राम कुमरदा (वि.खं–अं चौकी), ग्राम–बिहरीकला (वि.खं–अं चौकी), वि.खं–मोहला–मानपुर, वि.खं –छुरिया, ग्राम–बधियाटोला (वि.खं–डोगरगढ़) जैसे ग्रामीण अंचलो में जाकर समाजकार्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर इस अभियान को आगें बढ़ाया।

**उद्येश्य :–**

- देश मे व्याप्त कुपोषण की समस्या को नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों कों जागरूक करना ।
- गर्भवति महिला एवं शिशु संरक्षण संबंधित योजनाओ के बारे मे लोगो को जागरूक करना।
- अंधविश्वास को दूर करना।
- देश को कुपोषण मुक्त बनाना ।

**कार्यक्रम का विवरण :–**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय पोषण माह में समाजकार्य विभाग द्वारा पूर्ण सहभागिता प्रदान की गयी। समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़–नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया ।


इस कार्य के मुख्य अतिथि मे रूप मे जिना के कलेक्टर श्री जय प्रकाश मार्य, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, समाजकार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी एवं हरिश चन्द्राकर उपस्थित रहे।

**1. उद्‌बोधन –**

मुख्य अतिथि जय प्रकाश मार्य ने लोगों को संदेश देते हूए कहा कि लोगो को नियमित प्रोटीन युक्त आहार लेना चाहिए, गर्भवती महिलाओं को आयरन युक्त आहार लेने को आग्रह किया एवं अधिक वसा रहित भोजन नहीं करने को कहा। कलेक्टर महोदय ने मितानिनो को भी इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देने को कहा गया एवं राज्य को कुपोषण मुक्त वनाने की शपथ दिलातें हूए इस अभियान को जिले में संचालित करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किये।

**2. नुक्कड़–नाटक :–**

समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर इस जन–जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़–नाटक में गर्भधारण से लेकर बच्चें के जन्म एवं जन्म के उपरात्न स्तनपान के नियमों को बताया गया। गर्भवती महिला के आहार रेडी–टू–ईट, आयरन की गोली एवं टिकाकरण जैसी सुविधाओ का वर्णन किया गया है।समाजकार्य के विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला के कलेक्टर श्री जय प्रकाश मार्य द्वारा प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।



*वलदेव प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम राजनांदगांव (छ.ग.)*

# // स्वच्छता अभियान //

**स्थान – मोतिपुर वार्ड राजनांदगांव ।**

**दिनांक – 02/10/2019**

**परिचय –**

समाजकार्य विभाग द्वारा प्राचार्य बी. एन. मेश्राम के निर्देशन एवं प्रो. विजय मानिकपुरी के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर मोतिपुर वार्ड राजनांदगांव में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम मे समाजकार्य के विद्यार्थियों ने नगर पालिका निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर मोतिपुर वार्ड में साफ–सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये। कार्यक्रम में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चे, शिक्षकगण, महिला समूह एवं सफाई कर्मचारी शामिल रहीं। इस कार्यक्रम मे समाजकार्य के विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नुक्कड़–नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

**उद्येश्य –**

- नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना।
- स्वच्छ भारत मिशन मे योगदान देना।
- नगर पालिका निगम के साथ मिलकर राजनांदगांव जिले को स्वच्छ बनाना।

**कार्य–विवरण –**

**1. जागरूकता रैली –**

स्लोगन –

स्वच्छता अपनाओं, समाज में खुशियाँ लाओं ।
स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत।



**2. नुक्कड़–नाटक –**

इस कार्यक्रम में समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियो द्वारा स्वच्छता अभियान के अवसर पर नुक्कड़–नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़–नाटक स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित था।



**3. शपथ ग्रहण –**

समाजकार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी ने गाँधी जंयती के शुभ अवसर पर गाँधी जी के तीन संदेश बुरा मत देखों, बुरा मत सुनों, और बुरा मत कहो। के संदेश का वर्णन करते हूए, लोगों को अपने घरो के आस–पास स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाये।



**4. समापन –**

प्रो. विजय मानिकपुरी ने वार्ड के पार्षद, महिला समूह, शिक्षकगण व सफाई कर्मचारियो को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हूए, कार्यक्रम के समापन की घोषण की।

# // राष्ट्रीय मतदाता दिवस //

**स्थान –** **जंगलपुर एवं कोटरासरार**

**दिनांक – 08/01/2020**

**परिचय –**

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजकार्य विभाग के द्वारा प्राचार्य बी. एन. मेश्राम के निर्देशन एवं प्रो. विजय मानिकपुरी के मार्गदर्शन मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर गांव के मतदाताओ को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन ग्राम कोटरासरार एवं जंगलपुर में किया गया।


**उद्देश्य –**


- अधिक से अधिक युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करना ।
- सभी मतदाता को वोट के महत्व को बताना ।
- स्वेच्छापूर्ण मतदान करने के लिए प्रेरित करना।

**जागरूकता रैली –**

सर्वप्रथम ग्राम कोटरासरार के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों, महिला समूह, एवं स्कूल के शिक्षकों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उत्प्रेरक नारे.........

न नशे से, ने वोट से ।
देश बदलेगा वोट से ।।
सारे काम छोड़ दो,
सबसे पहले वोट दो ।







स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा मेरा वोट के थींम पर मानव श्रृंखला का निर्माण

प्रेस विज्ञप्ति –

**नशे से न नोट से, देश बदलेगा वोट से... सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो**



राजनांदगांव। दिग्विजय कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोटरासरार और जंगलपुर में यह अभियान चलाया गया। इसमें कोटसरार के प्राइमरी व मिडिल स्कूल एवं महिला समूह व शिक्षकों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाताओं को मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई। जंगलपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के द्वारा मेरा वोट के थीम पर मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया।

# // प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान //

**स्थान** – हॉट बाजार गंज चौक राजनांदगांव।

**दिनांक** – 14/02/2020

**परिचय** –

नगर पालिका निगम राजनांदगांव के तत्वाधान मे एक दिवसीय प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हॉट बाजार चौक राजनांदगांव मे किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित था। इस कार्यक्र मे शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने नुक्कड़–नाटक का प्रदर्शन कर कार्यक्रम मे सहभागिता निभाई और लोगों को जागरूक करने का प्रयास भी किया गया।

**उद्येश्य** –

- देश, राज्य एवं राजनांदगांव जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाना।
- नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करना।
- स्वच्छ भारत मिशन में सहभागिता प्रदान करना।


**1. अतिथिगण** –

**मुख्य अतिथि – श्रीमति हेमा देशमुख**
**(महापौर, नगर पालिका निगग राजनांदगांव)**

**विशिष्ट अतिथि – श्री चंन्द्रकांत कौशिक**
**(आयुक्त, नगर पालिका निगम राजनांदगांव)**


**विशिष्ट अतिथि – प्रो. विजय मानिकपुरी**
**(समाजकार्य विभाग DMV)**

**विशिष्ट अतिथि – प्रो. हरिश चन्द्राकर**
**(समाजकार्य विभाग DMV)**



**2. नुक्कड़—नाटक –**


शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नुक्कड़—नाटक कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।



**3 उद्‌बोधन –**

मुख्य अतिथि हेमा देशमुख ने जिले मे व्याप्त हो रहे प्रदूषण के बारे मे वर्णन करते हूए, लोगों प्रदूषण को रोकने के लिए आग्रह किये एवं प्लास्टिक से बनी वस्तुओ का उपयोग न करने के लिए आग्रह किये। साथ ही साथ समाजकार्य के विद्यार्थियो को नुक्कड़—नाटक के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित किए। समाज कार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी ने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे लोगों को बताया एवं लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए आग्रह किए।

**4.शपथ ग्रहण –**



**5 समापन –**

शपथ ग्रहण के बाद आयोजक समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का धन्यावाद प्रेषित करते हूए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## // कोरोना (Covid-19) जागरूकता अभियान //

**स्थान** – जयस्तंभ चौक राजनांदगांव।

**दिनांक** – 18/03/2020

**परिचय** –

समाजकार्य विभाग द्वारा डॉ. वी. एन. मेश्राम प्राचार्च के निर्देशन एवं प्रो. वियज मानिकपुरी के मार्गदर्शन और सुरेशा चौवे पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समाज कार्य द्वारा कोरोना वायरस के लक्षण रोकथाम एवं बचाव संवंधी जन जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम के समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा जयस्तंभ चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कोरोना के लक्षण बचाव और सुरक्षा संबंधी अभियान को लेकर विद्यार्थियों ने नए शरीर में करने वाले प्रवेश वायरस को दूर हटाना, लोगों को सार्वजनिक स्थानों में भीड़ न लगाना जैसे जानकारी दी।

**उद्येश्य** –

- कोरोना वायरस के लक्षणों को बताना।
- कोरोना वायरस से बचाव के तरिके या नियमों को बताना।
- सार्वजनिक स्थानों में भीड़ न लगाने के लिए लोगों के प्रेरित करना।

**कार्य विवरण**

**1. नुक्कड़–नाटक** –

समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़–नाटक के माध्यम से कोरोना वायरस के लक्षण और बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। लोगों को कोरोना वायरस के लक्षण जैसे– सीर दर्द होना, बुखार, सर्दी–खासी एवं छिंक आना तथा बचाव के लिए मास्क, हैंड सेनिटाइजर लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया।





समाज कार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी एवं सुरेशा चौबे (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव) ने भी कोरोना वायरस के बचाव के संबंध में लोगों को जानकारीयाँ दी.....

ASP सुरेशा चौबे ने कहा कि कोरोना वायरस बहुत ही खतरनाक बीमारी है और यह वैश्विक महामारी का रूप धारण कर चुका है, जिसका इलाज अभी तक नहीं मिल पाया है। इसे रोकना अति आवश्यक है। कोरोना वायरस के लक्षण रोकथाम और बचाव को बताते हुए समाजकार्य विभाग को कहा कि इस जन जागरूकता अभियान मे पुलिस विभाग का सहयोग मिलेगा।

प्रो. विजय मानिकपुरी ने कोरोना वायरस को देश और विदेशों में जो संक्रमित व्यक्तियों के कारण होने वाले व्यक्तियो की मृत्यु संख्या मे वृद्धि न हो और यह महामारी पूरे विश्व के साथ–साथ देश और प्रदेश के साथ पूरे शहर में प्रवेश ने कर पाएं इसलिए जागरूकता की जानकारी की बचाव का माध्यम है। कोरोना से हम कैसे लड़े के उद्देश्य को ध्यान में रखकर नुक्कड़–नाटक तैयार करके लोगों को जागरूक करने का कार्य एक जन अभियान, जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



कोरोना वायरस : दिग्विजय कॉलेज के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने चलाया अभियान

## नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया जागरूक, बताई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

[illegible]

जागरूक, नुक्कड़ नाटक का मंचन करते कालेज के विद्यार्थी

लोगों को सार्वजनिक स्थानों में भीड़ भाड़ में न रहना जैसे जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने कोरोना वायरस के इस भयंकर प्रकोप को जागरूकता ही बचाव का संदेश बताया और छात्रों के इस पहल की सराहना करते हुए उनको शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर विजय मानिकपुरी ने कोरोना वायरस को देश और विदेशों में जो संक्रमित व्यक्तियों के कारण होने वाले व्यक्तियों की मृत्यु संख्या में वृद्धि न हो और यह महामारी पूरे विश्व के साथ-साथ देश और प्रदेश के साथ पूरे शहर में प्रवेश न कर पाए इसलिए जागरूकता की जानकारी ही बचाव का माध्यम है। कोरोना से हम कैसे लड़ें के उद्देश्य को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक तैयार करके लोगों को जागरूक करने का कार्य एक जन अभियान, जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### अभियान के साथ पुलिस : एएसपी चौबे

[illegible]

5. <u>सामुदायिक कार्यक्रम</u> –

## // एक दिवसीय ग्रामीण शिविर //

दिनांक – 28/02/2020
दिन – शुक्रवार
स्थान – कातलवाही (वि.खं. डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव)।

**ग्राम का परिचय :–**

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजकार्य विभाग द्वारा एक दिवसीय ग्रामीण शिविर का आयोजन ग्राम–कातलवाही, पो.–मुसराकला, वि.खं. –डोंगरगढ़, जिला–राजनांदगांव में किया गया, जो जिला से 20 कि.मी. की दूर है। इस ग्राम के सरपंच श्री टाकेश्वर साहू, उपसरपंच श्री सुनील कुमार वर्मा है।

इस ग्राम की कुल जनसंख्या लगभग 1200 है तथा परिवारों की कुल संख्या 350 है, जिससे अधिंकांश परिवार कृषि कार्य करतें है। यहाँ पर कच्ची, अर्धकच्ची तथा कुछ पक्की मकाने है। इस ग्राम की कुछ जगहो में नालियां, पक्की सड़के तथा गलियों में कांक्रीट है। पीने का पानी के लिए नल–जल योजना तथा कुछ घरों में बोर की सुविधाएं है। ग्राम में बच्चों की पढ़ाई के लिए माध्यमिक स्कूल, आंगनबाड़ी ग्राम पंचायत भवन, दुर्गामंच एवं अन्य सामुदायिक भवन की सुविधाएँ है।

**ग्रामीण शिविर का उद्येश्य :–**

1. सर्वेक्षण एवं अवलोकन द्वारा ग्राम के सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक स्थिति का पता लगाना।
2. जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव के लोगों को जागरूक करना ।
3. शिविर के माध्यम से ग्रामीणों समान्य स्वास्थ सम्बंधित समस्याओं का पहल करना।

**कार्य योजना अथवा कार्य विवरण एवं गतिविधियाँ –**

1. सर्वेक्षण एवं अवलोकन कार्य
2. जागरूकता कार्यक्रम (जागरूकता रैली)
3. खेल प्रतियोगिताएं
4. अतिथि स्वागत एवं परिचय

5 सांस्कृतिक कार्यक्रम

6. अतिथि उद्बोधन

7. सामूहिक चर्चा।

### 1. सर्वेक्षण एवं अवलोकन कार्य :–


सर्वेक्षण एवं अवलोकन कार्य ग्रामीण शिविर के पूर्व ग्राम की समस्याओं का ध्यान मे रखकर प्रश्नसारणी व साक्षात्कार सूची के माध्यम से किया गया। अवलोकन कार्य के लिए विभाग द्वारा अनुसूची भरने के लिये 3–4 की ग्रूप में एक–एक वार्ड में दिया गया ताकि उद्येश्य पूर्ण और ग्राम की समस्याओं का अवलोकन सरलतापूर्वक किया जा सकें।

### 2. जागरुता कार्यक्रम (रैली):–

कार्यक्रम का प्रांरभ जागरूकता रैली के साथ किया गया। रैली मे स्कूली बच्चे एवं शिक्षकगण, महिला समूह, समाजकार्य के विद्यार्थी तथा ग्रामीणों के सहयोग से बेनर, पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से रैली सम्पन्न किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। यह नुक्कड़ नाटक नशामुवित्त व स्वच्छता अभियान जैसे गंभीर मुद्दों पर आधारित है।

### 3. खेल प्रतियोगिताएँ :–

एक दिवसीय ग्रामीण शिविर मे ग्राम की महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महिला एवं बच्चे के लिए मेंहदी, कुर्सी दौड़ रस्साकस्सी एवं युवाओं के लिए स्लो–साइकल, जलेबी दौड़ इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**4. अतिथियों का परिचय :—**

एक दिवसीय ग्रामीण शिविर के उपस्थित अतिथिगण —

मुख्य अतिथि — श्री अनिल कुमार खुजूर
(अधिकारी, श्रम विभाग राजनांदगांव)

विशिष्ट अतिथि — श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह
(अध्यक्ष, जनकल्याण सामाजिक संस्था राजनांदगांव)

विशिष्ट अतिथि — श्री महेन्द्र यादव
(जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव)

विशिष्ट अतिथि — प्रो. विजय मानिकपुरी
(समाजकार्य विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव)

विशिष्ट अतिथि — प्रो. हरिश चन्द्राकर
(समाजकार्य विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव)

विशिष्ट अतिथि — टाकेश्वर साहू
(सरपंच,ग्राम पंचायत कातलवाही)

इसके अलावा ग्राम के उपसरपंच, स्कूल के शिक्षकगण, महिला समूह एवं समस्त ग्रामीण उपस्थि रहे।

**5. सांस्कृतिक कार्यक्रम :—**


खेल प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता सम्बंधित नुक्कड़—नाटक,भाषण, गीन—गायन, देश भक्ति डांस सम्मिलित है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम मे समाजकार्य के विद्यार्थी, स्कूली बच्चे एवं ग्राम की बालक—बालिकाएं भी बढ़—चढ़ के हिस्सा लिया।



## ग्रामीण शिविर में स्वास्थ्य सम्बंधित शिविर का आयोजन —

**1. समान्य परीक्षण —**

एक दिवसीय ग्रामीण शिविर मे ग्राम—कातलवाही के ग्रामीणों के लिए समान्य स्वास्थ परीक्षण का आयोजन भी किया गया। इस परीक्षण में सर्दी, खासी, सिर दर्द, कमर दर्द जैसे परीक्षण कराये। कुल 121 ग्रामीणों ने समान्य परीक्षण कराये।




**2. रक्त परीक्षण एवं रक्तदान—**

इस शिविर में रक्त परीक्षण एवं रक्तदान कैम्प भी लगाया गया,जिसमें ग्रामीणों उत्साह के साथ रक्त परीक्षण कराये एवं युवाओ ने रक्तदान भी किये। 100 से अधिक की संख्या मे रक्त परीक्षण तथा 20 की संख्या में रक्तदान किये।



## // अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस //

**स्थान – कोटरासरार**

**दिनांक – 06/03/2020**

**परिचय –**

समाजकार्य विभाग द्वारा एक दिवसीय अर्न्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ग्राम कोटरासरार में किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम डॉ. बी. एन. मेश्राम (प्राचार्य शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव) एवं प्रो. विजय मानिकपुरी के मार्गदर्शन में किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गयी, इस रैली में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थी एवं महिला समूह सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों एवं महिलाओं ने पूर्ण रूप से भाग लिया और विजयी प्रतिभागियों को समाजकार्य विभाग द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

**उद्येश्य –**

- महिलाओं को सभी कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना ।
- महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में भागीदारी का समान अवसर प्रदान करना।
- महिलाओं को सामाजिक क्षेत्रो में बढ़–चढ़ के हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना ।
- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।

**कार्य विवरण –**


**1. रैली –**

कार्यक्रम का प्रारंभ जागरूकता रैली से किया गया। रैली मे 11 बजे से 12 बजे के मध्य सम्मपन्न किया गया। इस रैली मे प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थी एवं महिला समूह भी समिल हुई।



**2. खेल प्रतियोगिता –**

इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जैसे– कुर्सीदौड़, रस्साकसी, केला–पिन, रंगोली, स्लोसाइकिल रेस इत्यादि। इस प्रतियोगिताओ मे स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं ने बढ़–चढ़ के हिस्सा लिया।



**3. मंचीय कार्यक्रम–**

मंचीय कार्यक्रम का प्रारंम्भ माँ के दीप प्रज्जवलन एवं वंदन से किया गया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात् मंच मे विराजमान समस्त अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया । मंच मे निम्नलिखित अतिथी उपस्थित रहे.......

**4. अतिथिगण –**

मुख्य अतिथि – श्री चन्द्रकांत कौशिक
(आयुक्त जिला राजनांदगांव)

विशीष्ट अतिथि – डॉ. चन्द्रिका नाथवानी
(अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष शा. दिग्विजय महा. राजनांदगांव)

विशीष्ट अतिथि – डॉ. अनिता शंकर
(अंग्रेजी विभागाध्यक्ष शा. दिग्विजय महा. राजनांदगांव)


विशीष्ट अतिथि – श्रीमति अंजू आहूजा
(डायरेक्टर, अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव)

विशीष्ट अतिथि – प्रो. विजय मानिकपुरी
(समाकार्य विभाग शा. दिग्विजय महा. राजनांदगांव)

विशीष्ट अतिथि – प्रो. हरिश चन्द्राकर
(समाकार्य विभाग शा. दिग्विजय महा. राजनांदगांव)

**7. पुरूस्कार वितरण –**

इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों के कर कमलो से प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरूस्कृत किया गया ।




**8 समापन –**

समाजकार्य के प्रो. विजय मानिकपुरी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दिये और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूली शिक्षकगण, महिला समूह एवं समस्त ग्रामीणों को धन्यवाद प्रेषित करते हूए कार्यक्रम के समापन की घोषणी की ।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता कराई गई

# समाज कार्य विभाग ने कोटरासरार में मनाया महिला दि...

[illegible]

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजित शिविर उपस्थित ग्रामीण व अन्य।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र, गिफ्ट प्रदान किया गया। बच्चों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी के द्वारा पुलवामा एक्ट भी किया गया। प्राचार्य डॉ. [illegible] मिश्रा ने सबको शुभकामनाएं दी।

**आयोजन का उद्देश्य जागरूकता लाना :** प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि 8 मार्च महिला दिवस को समाज कार्य द्वारा आयोजित यह आयोजन एक दिन न होकर हमेशा के लिए होना और संकल्प लिया कि परिवार में मां, बहन, पत्नी, दोस्त या परिवार की तरह ही समाज के सभी महिलाओं का सम्मान करना ही आज का यह आयोजन का उद्देश्य है एवं सबको बधाई दी। डॉ. चंद्रिका नाथानी ने उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति है सशक्तिकरण है, महिला किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। बल्कि सभी समाज को चलाने के लिए महिलाएं आगे हैं।

[illegible]

## 6. समाजसेवी संस्था का अवलोकन –

स्थान – कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं सृजन सामाजिक संस्था
(महाराष्ट्र मंडल राजनांदगांव)

दिनांक – 23/09/2019

**1. परिचय –**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं सृजन सामाजिक संस्था के तत्वाधान में महाराष्ट्र मंडल राजनांदगांव में एक दिसवीय बाल दुर्व्यापार विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाजकार्य विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम मे बाल के दुर्व्यापार एवं संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रश्नोत्तर भी हुआ। समाजकार्य के विद्यार्थियों के द्वारा भी बाल दुर्व्यापार से संबंधित अनेक प्रश्न गया, जिसक उत्तर संस्था और अतिथिगण के द्वारा दिया गया।

**2. संस्था का उद्येश्य –**

- संस्था का प्रमुख उद्येश्य है दुर्व्यापार को रोकना।
- पीड़ित बालक को सुरक्षा पुर्वक उसके अभिभावकों तक पहूंचानों में मदद करना एवं दोषी को कानून के हवाले सौपना।
- माता–पिता को बच्चों कें संरक्षण के प्रति ध्यान देने के लिए प्रेरित करना ।
- बच्चें के संरक्षण सें संबंधित समस्याओं को दूर करना ।

**3. संस्था का कार्य –**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं सृजन सामाजिक संस्था सामाजिक संस्था गैर–सरकारी अलाभकारी संस्था है। यह संस्था पुलिस विभाग के साथ मिलकर बाल दुर्व्यापर को रोकना का कार्य करता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे होने वाले बाल दुर्व्यापार के रोकना, पीड़ित बच्चे को उसके अभिभावक तक सुरक्षा पूर्वक पहूँचाना एवं दोषी को कानून के हवाले करना आदि इस संस्था का प्रमुख कार्य है।

**4. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण –**

मुख्य अतिथि – श्री प्रवीण मिश्रा
(सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण)

विशिष्ट अतिथि – सुरेशा चौबे
(अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक)

**7. शिक्षक दिवस –**

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण का सम्मान किया गया, जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम, समस्त विभागाध्यक्ष एव प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।





## 8. राष्ट्रीय संगोष्ठी –

**स्थान :** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**दिनांक :** 06 एवं 07 फरवरी 2020

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजशास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोंष्ठी का आयोजन दिग्विजय महाविद्यालय में किया गया , जिसमे समाजकार्य विभाग द्वारा समाज पर शोसल मीडिया का प्रभाव विषय पर शोधकार्य अध्ययन कर प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण के साथ कार्यक्रम मे महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान किया गया।



समाज पर शोसल मीडिया का प्रभाव विषय पर शोधकार्य अध्ययन



राष्ट्रीय संगोष्ठी में आदरणीय प्राचार्य महोदया, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग (शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव )

